तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
सब स्टेशन के पावर ट्रांसफार्मर पर गिरी आकाशीय बिजली, बांकीमोगरा क्षेत्र हुआ ब्लैक आउट



## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प में 134 युवाओं का प्राथमिक चयन

**कोरबा।** जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में जिला रोजगार कार्यालय, कोरबा द्वारा 23 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। यह आयोजन युवाओं को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। प्लेसमेंट कैम्प में कुल 9 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिनके द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों के लिए कुल 218 रिक्तियों हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस कैम्प में कुल 248 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 134 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान आवेदकों का मूल्यांकन उनकी योग्यता, कार्यकुशलता एवं साक्षात्कार के आधार पर किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्लेसमेंट कैम्प्स न केवल युवाओं को रोजगार से जोड़ते हैं बल्कि स्थानीय स्तर पर अवसर भी सुलभ कराते हैं। भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की निरंतरता बनाए रखी जाएगी। कैम्प में सम्मिलित हुए युवाओं ने रोजगार के इस अवसर को सराहा और बताया कि इस प्रकार के शिविर उन्हें न केवल सही मार्गदर्शन देते हैं बल्कि प्रतिस्पर्धात्मक माहौल भी मिलता है।

### जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का किया गया आयोजन

**कोरबा।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश पर 23 जुलाई को सीएसईबी जूनियर क्लब में ताइक्वांडो बालक 14, 17, 19 वर्ष, कराते बालक बालिका 14, 17 वर्ष, जूडो बालक बालिका 14, 17, 19 वर्ष की प्रतियोगिता संपन्न हुई एवं विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 कोरबा के खेल मैदान में बास्केट बॉल बालक बालिका 14 वर्ष तथा हॉकी बालक बालिका 19 वर्ष के खेल आयोजन जिला शिक्षा कार्यालय कोरबा के क्रीड़ा प्रभारी के आर टंडन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता के संयोजक प्राचार्य डॉ.सुरेश थे। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में के के गढ़वाल, देवेंद्र महतो, राजेश पांडे, रामनारायण डडसेना, अजय दुबे, आर एल, भारद्वाज, कौशल सोनवानी, मानस केशवानी, प्रियंका चौहान, जिला कराते डू स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश बंजारे, एनआईएस कोच प्रेमराज बंजारे, देवाशीष कश्यप, अंतराष्ट्रीय कराते पदक विजेता स्नेहा बंजारे, व्यायाम शिक्षक अजीत शर्मा, प्रेरणा, साकेत शर्मा, विश्वधज, गगन मानिकपुरी, सागर मानिकपुरी, बेजल, समीर कंवर, गोविंद केवट, दिनेश राठिया, राहुल, नैतिक दास, गोपाल दास महंत, लीला राम, दीपांकर पांडे, अर्पित विश्वकर्मा, रामकिशन, अंकित प्रजापति, ओमप्रकाश तिवारी सहित अन्य का सहयोग रहा।

## कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग के तानाखार के समीप हुआ हादसा

# शिक्षकों से भरे वाहन को ट्रक ने मारी टक्कर, दो शिक्षिकाओं की मौत, 8 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा/कटघोरा

### कटघोरा से एकलव्य स्कूल पोड़ी उपरोड़ा जा रहे थे वाहन में



दुर्घटनाकारित ट्रक।



वाहन जिसमें शिक्षक और बच्चे थे सवार।

एकलव्य स्कूल के शिक्षकों व बच्चों को कटघोरा से लेकर पोड़ी उपरोड़ा एकलव्य स्कूल जा रही विंगर वाहन को सामने से आ रही ट्रक ने जबरदस्त ठोकर मार दी। हादसे के होते ही मौका पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और इस सड़क हादसे में दो शिक्षिकाओं की मौत हो गई है जबकि विंगर वाहन में सवार आठ लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शिक्षिकाओं के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पोड़ी उपरोड़ा स्थित एकलव्य स्कूल में पदस्थ शिक्षक व बच्चे कटघोरा में निवास करते हैं और रोज एकलव्य स्कूल में आने जाने के लिए विंगर वाहन का इस्तेमाल करते हैं। प्रतिदिन की तरह गुरुवार की सुबह कटघोरा से 7:05 बजे में विंगर वाहन क्रमांक सीजी 10 एफए 6971 में सवार होकर एकलव्य स्कूल के शिक्षक व बच्चे कटघोरा से पोड़ी उपरोड़ा एकलव्य स्कूल के लिए रवाना हुए थे। 7:20 बजे में कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तानाखार के समीप कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीएम 5954 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए विंगर वाहन को साइड से ठोकर मार दिया। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और वाहन में सवार शिक्षक व बच्चों में चीख पुकार मच गई। घटना के होते ही घटना की सूचना कटघोरा पुलिस को मिली। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी बड़ी संख्या में दल बल सहित मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। जहां पुलिस ने विंगर वाहन में सवार सभी एक दर्जन शिक्षक व बच्चों को उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत दो शिक्षिका मंजू शर्मा 30 वर्ष व अंजना 30 वर्ष को मृत घोषित कर दिया जबकि इस सड़क हादसे में राहुल तंवर 28 वर्ष, शुभम चौबे 30 वर्ष, दीपांकर दास 31 वर्ष, गायत्री 28 वर्ष, रिया सोलंकी, रूपिका शर्मा 12 वर्ष, संगीता यादव 35 वर्ष, अभय श्रीवास्तव 25 वर्ष घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर दोनों मृतक शिक्षकों के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



हादसे के बाद अस्पताल में लगी थी इस तरह की भीड़।

### ओवरटेक के चक्कर में हुआ है हादसा

पुलिस के प्रारंभिक जांच में जो बात सामने आई है उसके मुताबिक टाटा विंगर और ट्रक के बीच आमने-सामने भिड़ंत हुई है उसमें ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा होना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि विंगर वाहन के चालक द्वारा आगे चल रही वाहन को ओवरटेक कर आगे बढ़ाने के लिए जैसे ही बगल से निकाल कर विंगर वाहन को आगे बढ़ाया गया, ठीक उसी समय सामने से आ रही ट्रक से टक्कर हो गई और विंगर वाहन पलटी खाने के बाद सीधे खड़ी हो गई व विंगर वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसा होते ही भीतर सवार लोगों में चीख पुकार मच गई व महिलाएं बेहोश हो गईं। इनमें एक शिक्षिका के साथ मासूम बेटा भी था जो बाल-बाल बच गया व मामूली चोट आई है।

### ज्यादातर हादसे ओवरस्पीड की वजह से

कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग का निर्माण जब से हुआ है। यह रोड चकाचक हो गई है और यही वजह है कि इस रोड में पहुंचते ही वाहन चालक अपने वाहन की रफ्तार को कंट्रोल में नहीं रख पाते हैं और सीधे वाहनों को हवा से बात करते हैं। जिसके चलते इस मार्ग में जो भी हादसे होते हैं। भीषण हादसे होते हैं पिछले कुछ वर्षों के दौरान ज्यादातर इस मार्ग में भीषण होते हुए हैं और एक साथ कई लोगों की मौत होती है। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा इस मार्ग में होने वाले हादसों को रोकने के लिए कई बार पहल की लेकिन इसके बाद भी इस मार्ग में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार इस मार्ग में बढ़ती दुर्घटनाओं ने लोगों को चिंता बढ़ा दी है।

### इंटरलॉकिंग अपग्रेडेशन कार्य के लिए मेमू ट्रेन रद्द

**कोरबा।** कोरबा दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल अंतर्गत कोरबा-चांपा मार्ग के उरगा स्टेशन पर उरगा-कोरबा बायपास लाइन के मध्य इंटरलाकिंग अपग्रेडेशन कार्य के लिए मेमू ट्रेनों का एक दिन के लिए परिचालन रद्द रहेगा। इस कड़ी में 27 जुलाई को गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर, 68733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68732 बिलासपुर-कोरबा मेमू पैसेंजर व 68731 कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेंगी।

### डीईएम रोड से पम्प हाउस बस्ती तक मार्गों की सफाई के निर्देश

**कोरबा।** नगर निगम के स्वच्छता विभाग के अमले द्वारा डीडीएम रोड से होते हुये पम्प हाउस मुख्य मार्ग, बस्तियों के विभिन्न गलियों, मोहल्लों व पारों में किये जा रहे साफ-सफाई कार्यो को तत्काल पूरा करने निर्देश अधिकारियों को दिये। वहीं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने अधिकारियों के साथ कोरबा शहर के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डीडीएम रोड स्थित सड़क के किनारे उगी घास, बर्म, झाड़ियों की सफाई व ओम फ्लेट के पास कचरे के ढेर देखकर स्वच्छता पर्यवेक्षक व सफाई ठेकेदार को निर्देश दिए कि वे कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करना सुनिश्चित करें। तुलसीनगर होते हुए टीपी नगर गुरूद्वारा मुख्य मार्ग के दोनों तरफ स्थित नालियों में जाम की स्थिति की वजह से नाली का गंदा पानी सड़क पर आ रहा था, जिससे आवागमन करने वालों को काफी परेशानियां हो रही थी, नालियों की सतह से साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को अपर आयुक्त श्री मिश्रा ने दिया।

## घिनारा नाला उफान पर, आवाजाही ठप



इस तरह नाला में आया है उफान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला ब्लॉक में स्थित घिनारा ग्राम से लगे रामपुर और बांधपाली को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। भारी बारिश के कारण घिनारा का नाला उफान पर है, जिससे रास्ता पूरी तरह जलमग्न हो गया है। जिससे लोगों की आवाजाही पूरी तरह से हुई ठप्प हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल मानसून के दौरान यह नाला इसी तरह भर जाता है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस रास्ते से विद्यालयीन छात्र, किसान और ग्रामीण रोजाना आना-जाना करते हैं, लेकिन पानी के तेज बहाव और गहराई के कारण अब इस पर चलना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने मांग की है।

### बच्चे गिड़गिड़ाते रहे बाप पीटता रहा मां को, एफआईआर दर्ज

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर इलाके से एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक शख्स अपनी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट करते दिख रहा है, जबकि उनके छोटे बच्चे रोते-गिड़गिड़ाते हुए मम्मी को मत मारो की चीख पुकार कर रहे हैं। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति, सास और ससुर सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता एक शिक्षाकर्मी वर्ग 3 के तौर पर शासकीय सेवा में हैं और गायत्री मंदिर रोड के पास अपने बच्चों के साथ अलग रहती हैं। उनका विवाह शांति कुमार कश्यप से हुआ था और उनके दो बेटियां और एक बेटा है। साल 2021 में पारिवारिक विवाद के बाद से ही पीड़िता अपने तीनों बच्चों के साथ पति से अलग रह रही हैं। बावजूद इसके, वह बीच-बीच में पति के शांतिनगर स्थित मकान में बच्चों से मिलने या घर के काम से जाती रहती हैं। आरोप है कि पति शांति कुमार उन्हें अपने साथ रखने को तैयार नहीं है, बल्कि घर जाने पर अक्सर बेवजह विवाद और लड़ाई-झगड़ा करता है।

## पहली बार आम जनता को कोयला खदान के अंदर खनन की प्रक्रिया देखने का मिलेगा मौका



इस तरह खदान के भीतर करेंगे प्रवेश।

### माइन टूरिज्म सिर्फ रोमांच नहीं अर्थव्यवस्था को भी देगी बढ़ावा

माइन टूरिज्म केवल एक रोमांचकारी अनुभव ही नहीं, बल्कि आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी पहल है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। वहीं छात्र और शोधकर्ता खनन तकनीक और सुरक्षा उपायों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकेंगे। इसके अलावा, यह पर्यटन मॉडल देश के नक्शे पर एक अनोखे पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा। इस योजना से न केवल राज्य की आमदनी बढ़ेगी, बल्कि कोयला खनन क्षेत्र की पारदर्शिता और सामाजिक स्वीकार्यता में भी सुधार होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

#### खास बात

- कोयला खदानों को पर्यटन के लिए खोला जा रहा धनबाद से 5 को होगी शुरुआत

यह पहली बार होगा जब आम जनता को कोयला खदानों के अंदर जाकर खनन की असल प्रक्रिया को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। देश में पहली बार कोयला खदानों को पर्यटन के लिए खोला जा रहा है। इस ऐतिहासिक योजना की शुरुआत झारखंड के धनबाद ज़िले से 5 अगस्त को होने जा रही है। जिसके बाद आने वाले दिनों में अन्य अनुषंगी कंपनियों की कोयला खदानों को भी पर्यटन के लिए खोला जाएगा।

उल्लेखनीय है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) द्वारा शुरू की जा रही इस पहल के तहत पर्यटक अब झरिया की भूमिगत खदान और भूली की ओपनकास्ट माइंस का दौरा कर सकेंगे। यह पहली बार होगा जब आम जनता को कोयला खदानों के अंदर जाकर खनन की असल प्रक्रिया को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत पर्यटकों के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। प्रत्येक टूर के दौरान उन्हें हेलमेट, जैकेट और मास्क दिए जाएंगे, और प्रशिक्षित गाइड खदान के भीतर की जानकारी देंगे। इस रोमांचक और ज्ञानवर्धक टूर की कीमत 2500 से 2800 के बीच रखी गई है, जिसमें दो से तीन घंटे तक का खदान भ्रमण शामिल होगा। टूरिस्टों के लिए विशेष एसी बस, ब्रेकफास्ट और डिजिटल इंफॉर्मेशन डिस्प्ले जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

## दुर्घटनाओं को दे रहा खुला आमंत्रण, लोक निर्माण विभाग बना मूकदर्शक

# कटघोरा बायपास मार्ग हुआ जानलेवा, बारिश में सड़क गड्ढों में हुई तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



इस तरह सड़क गड्ढों में हो गई है तब्दील।

कटघोरा नगर के लिए एक समय में राहत का मार्ग समझा जाने वाला रामपुर से ढेलवाडीह होते हुए सुतर्रा तक बना बायपास अब खतरे की घंटी बन गया है। बारिश शुरू होते ही यह बायपास मार्ग अपनी बदहाल स्थिति के कारण लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। सड़क की परतें उखड़ चुकी हैं और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो दिन प्रतिदिन गहराते जा रहे हैं।

यह बायपास मार्ग न केवल कटघोरा बल्कि बिलासपुर, अम्बिकापुर और कोरबा जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहन, जिनमें कोयला परिवहन करने वाले ट्रेलर, हाइवा और राखड़ ढोने वाले ट्रक शामिल हैं, गुजरते हैं। भारी वाहनों के अत्यधिक दबाव और बारिश की मार के चलते सड़क की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस बायपास मार्ग का निर्माण तो करवाया गया लेकिन उसके बाद इसके रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई। नतीजा यह हुआ ⏭ शेष पेज 3 पर

### जरूरत है तत्काल मरम्मत की

यदि समय रहते इस सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो यह बायपास पूरी तरह से टूटकर जानलेवा मार्ग में तब्दील हो जाएगा। लोगों में रोष है कि विभागीय लापरवाही के चलते आए दिन खतरा बढ़ रहा है और इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से निवेदन है कि इस मार्ग की गंभीर स्थिति को समझते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें, ताकि लोगों की जान और माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कटघोरा बायपास की यह दुर्दशा केवल एक सड़क की समस्या नहीं, बल्कि एक बड़ी प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण बनती जा रही है। यदि जल्द ही इसका समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में यहां बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### ज्ञानेश्वरी के स्लीपर कोच में मिला शव

**बिलासपुर।** जोनल रेशन बिलासपुर में पहुंची ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच के टायलेट के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला, जिसे चेक करने के बाद डॉक्टर ने भी मृत घोषित कर दिया। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंची 12101 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस 8 के प्रसाधन के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था में था। इसकी सूचना पर जीआरपी स्टाफ के साथ रेलवे डाक्टर भी मौके पर पहुंचे। डॉक्टर ने चेकअप के उपरांत उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। उसके पास पहचान के लिए जांच की गई, लेकिन कुछ नहीं मिला। मृतक अज्ञात है, जिसकी उम्र 40 वर्ष रंग सांवला, लाल रंग का टी शर्ट, काले रंग का लोवर पहना हुआ है। जीआरपी ने मृतक का शव पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

### जुआ खेलते पकड़े गए 5 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस खेलते 5 जुआरियों को पकड़कर 16 हजार 100 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फड़ से भागने वाले 4 जुआरियों के खिलाफ भी जुर्म दर्ज किया गया है। पचपेड़ी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विद्याडीह टांगर में घेराबंदी करते हुए जुआ खेलते तीज राम सांडे पिता केजाउराम 51 साल ठाकुरदेवा, गुलशन बघेल पिता गुहिरा बघेल 27 साल सरगांव मस्तूरी, जगबंधु पटेल पिता जोगीराम पटेल 48 साल केवटाडीह, उत्तम सिंह ठाकुर पिता भान सिंह ठाकुर 58 साल नेवारी, अजय थवाईत पिता राधेश्याम 48 साल जोंधरा निवासी को पकड़ लिया है। वहीं मौके से 4 जुआरी भाग निकले। पुलिस ने जुआरियों के पास से 16 हजार 100 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो बहनों को सांप ने डसा, एक की मौत

**बिलासपुर।** जमीन में सो रही दो बहनों को जहरीले सांप ने डस लिया, जिससे 8 माह के मासूम बच्ची की मौत हो गई। वहीं बड़ी बहन का सिम्स में इलाज चल रहा है। मस्तूरी थाना के एएसआई शिव चंद्रा ने बताया, ग्राम भदौरा निवासी धोमो सूर्यवंशी पिता लक्ष्मी प्रसाद सूर्यवंशी 9 साल, छोटी बहन 8 माह की प्रीति सूर्यवंशी बुधवार की रात भोजन करने के बाद दोनों साथ में जमीन पर सो गए थे। रात 2 बजे तेज बारिश शुरू हुई। इसी दौरान जहरीले सांप ने घर में घुसकर सो रही दोनों बहनों को डस लिया। जिससे 8 माह के प्रीति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बड़ी बहन धोमो को इलाज के लिए मस्तूरी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद रिफर कर दिया गया। परिजन के द्वारा उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### युवक से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तिफरा बाजार चौक निवासी आयुष मंगेश्कर पिता राजकुमार श्रीराम मार्केट में ड्राइवरी करते हैं। 22 जुलाई को रात 9.30 बजे वे एक्टिवा से श्रीराम मार्केट गए थे। इसी दौरान लालखदान निवासी शुभम केंवट ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके कान, सिर, गर्दन, भुजा, सीने में चोट आई है। पुलिस ने आयुष की रिपोर्ट पर हमलावर शुभम केंवट के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## निधन

### कुसी बाई साहू

**बिलासपुर।** जांजगीर जिला के ग्राम जर्वे-हरदी निवासी कुसी बाई साहू का 24 जुलाई को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जुलाई की सुबह 10 बजे मंगला स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. बिसाहू राम साहू की पत्नी एवं स्व. रामकिशन साहू, वेद प्रसाद साहू, संतोष साहू की माता थीं।



---

**पूरी बिल्डिंग जर्जर और परिसर प्रतिबंधित घोषित**

**प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति इस परिसर में कोई भी प्रवेश ना करे**

# मिशन अस्पताल परिसर से 35 परिवारों को 48 घंटे में घर खाली करने का नोटिस

**बिलासपुर।** मिशन अस्पताल प्रबंधन की याचिका हाईकोर्ट से खारिज होने के बाद नजूल विभाग ने 23 जुलाई 2025 को अस्पताल परिसर में रह रहे 35 परिवारों को 48 घंटे के भीतर घर खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है।

प्रशासन ने यह कदम उस समय उठाया जब मिशन अस्पताल की ओर से दायर याचिका नितिन लॉरेंस के फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी के कारण खारिज हो गई। इस फैसले के चलते (चर्च आफ नार्थ इंडिया ट्रस्ट एसोसिएशन सीएनआईटीए) की बिलासपुर से भोपाल तक की समस्त जमीनें एक झटके में समाप्त मानी गईं और प्रशासन ने इन परिसरों को अपने कब्जे में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गौरतलब है कि मिशन अस्पताल की स्थापना साल 1885 में हुई। इस जमीन को लीज पर दिया गया। था। लीज साल 2014 में खत्म हो गई है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया है। नवीनीकरण के लिए पेश किए गए आवेदन को नजूल न्यायालय ने वर्ष 2024 में खारिज कर दिया। नजूल न्यायालय के खिलाफ मिशन प्रबंधन ने कमिश्नर कोर्ट में अपील की थी। वहां से भी राहत नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने नितिन लारेंस द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी है। इसके बाद बुधवार 23 जुलाई की शाम नजूल तहसीलदार ने अस्पताल परिसर में रह रहे 35 परिवारों को 48 घंटे के भीतर घर खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है।



### रहवासियों ने मांगा 6 महीने का समय

इस नोटिस के बाद से मिशन अस्पताल परिसर में रहने वाले निवासियों में हड़कंप है। निवासियों की मांग है कि कम से कम छह महीने का समय उन्हें दिया जाए ताकि वे वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। परिवारों का कहना है कि पिछले चार पीढ़ियों से यहीं रह रहे हैं। जब तक अस्पताल संचालित रहा, वे सभी उसके कर्मचारी थे और सेवा देते रहे। अब अचानक बरसात के मौसम में घर खाली करने का नोटिस दिया जाना गलत है। लोगों का कहना है कि वकीलों के माध्यम से यह जानकारी मिली कि अस्पताल की जमीन की लीज 1994 के बाद नवीनीकृत नहीं हो पाई, जिसके कारण उनका कानूनी दर्जा "टेनेंट ऑफ सफरेंट" यानी शासन की दया पर निर्भर रहने वाला माना गया। उनका आरोप है कि पिछले 30 वर्षों में शासन ने कभी भी उन्हें इस स्थिति की जानकारी नहीं दी गई और ना ही प्रशासन ने अपनी जमीन के रखरखाव में कोई रुचि दिखाई।

### पूरी बिल्डिंग भयप्रद और शासकीय घोषित

इसके साथ ही मिशन अस्पताल परिसर की दो बड़ी बिल्डिंगों को जिला प्रशासन ने भयप्रद मतलब कि जर्जर घोषित कर दिया है। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र को शासकीय भूमि घोषित कर दिया गया है। पूरे परिसर में नोटिस चस्पा करते हुए लिखा गया है कि यह शासकीय भूमि है। किसी को भी इस परिसर में अनाधिकृत रुप से प्रवेश करना तथा व्यासायिक गतिविधियों को संचालित करना पूर्णत निषेध है। इसमें एक भवन वह है जिसमें मुख्य अस्पताल संचालित हैं तो दूसरा उसके पीछे हैं, जिसमें संडे स्कूल लगता है और नर्सिंग कोर्स का कार्यालय है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति इस परिसर में कोई भी प्रवेश ना करे।

### कमिश्नर कोर्ट ने अधिग्रहण को सही ठहराया

दरअसल मिशन अस्पताल परिसर की जमीन क्रिश्चियन वुमन बोर्ड को आबंटित की गई थी। इस जमीन पर मिशन अस्पताल खोला गया। बाद में इस अस्पताल परिसर की जमीन का व्यावसायिक उपयोग करते हुए उसे किराए पर दे दिया गया। जिला प्रशासन ने लीज निरस्त होने के बाद मिशन अस्पताल की जमीन पर कब्जा करने की तैयारी शुरू कर दी थी। कलेक्टर के इस आदेश के खिलाफ अस्पताल प्रबंधन ने कमिश्नर के समक्ष अपील की, जिस पर तत्कालीन कमिश्नर नीलम नामदेव एक्का ने स्टे दे दिया था, जिसके बाद राज्य शासन ने उन्हें हटा दिया था। कमिश्नर कोर्ट ने बाद में लीज समाप्त होने पर भूमि के अधिग्रहण को सही ठहराया था।

---

**रात में हुई मुसलाधार बारिश, बिजली गिरने से बढ़ी परेशानी**

# आसमानी बिजली से थर्राया शहर, 20 घंटे बंद रही सप्लाई, शाम के बाद भी छाया रहा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देर रात करीब 1.46 मिनट पर आसमान से बिजली लोगों के लिए परेशानी का सबब बनकर गिरी, सबस्टेशन व फीडरों में आई खराबी के बाद रात से ही पूरे शहर की बिजली गुल हो गई। हालत यह थी कि सुबह 10 बजे तक शहर में बिजली का नामोनिशान नहीं था, एचटी मेंटनेंस की टीम सक्रिय होने के बाद दोपहर 2 बजे तक 5 सबस्टेशनों व कुछ फीडरों की सप्लाई शुरू कर दी गई लेकिन कई फीडर और ट्रांसफार्मर की सप्लाई सामान्य करने में कर्मचारियों को पापड़ बेलने पड़े, इस दौरान उमस भरी गर्मी ने हालत खराब कर दी।

बुधवार की रात आसमान में होती गड़गड़ाहट ने लोगों की नींद में खलल डाल दिया, थोड़े देर बाद गाज की एक के बाद एक लड़ियों से पूरा जिला थर्रा उठा, इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान बिजली के सबस्टेशन और फीडरों को उठाना पड़ा, मुसलाधार बारिश का दौर शुरू होते ही बिजली गुल हो गई। इस दौरान लोगों ने जैसे तैसे रात काटी लेकिन सुबह तब बिजली नहीं होने पर रोज की जद्दोजहद ने परेशान कर दिया। शहर के ज्यादातर इलाकों में दोपहर 3 बजे तक बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी। इस दौरान इश्योलेटर, एबी स्वीच ब्रर्स्ट हो गए, वहीं सबस्टेशन में डीसी और रिले तक खराब हो गए। जिसके सुधार कार्य में बिजली अधिकारी और कर्मचारियों के पसीने छूट गए। खास बात यह है हरियाली अमावश्या होने के नाते सरकारी छुट्टी रही और ज्यादातर सरकारी दफ्तर बंद रहे लेकिन बिजली अधिकारी सब कुछ छोड़ बिजली व्यवस्था दुरूस्त कराने में लगे रहे।



**व्यापार विहार सबस्टेशन में भरा पानी**

व्यापार विहार सबस्टेशन में पानी भर गया। बताया जा रहा है कि रेलवे अपनी जमीन पर पानी आने से रोक चुका है, जिसके चलते त्रिवेणी भवन के रास्ते में भी पानी भर गया। वहीं सबस्टेशन में पानी भरने के कारण कर्मचारियों को खासी दिक्कत आई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण काम में देरी लगी, अधिकारियों ने नगर निगम को इस बारे में ठोस कदम उठाने के लिए कहा है, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

### 5 सबस्टेशन, 33 फीडर की सप्लाई रही प्रभावित

अधिकारियों से बताया कि आसमानी बिजली का कहर इतना अधिक था कि 33 व 11 केवी के 5 सबस्टेशन और शहर के 33 फीडर ब्रेक डाउन रहे। इस दौरान फ्यूज कॉल सेंटरों में 23 सौ से अधिक शिकायतें दर्ज की गई, कई शिकायत एक ही जगहों की थी। खास बात यह है कि दोपहर 12 बजे के बाद फ्यूज कॉल सेंटरों ने फोन उठाना ही बंद कर दिया।

### 19 जगहों पर डगाल और पेड़ गिरे

बताया नेहरू नगर, तोरवा, सीपत चौक, सरकंड़ा, कोनी, मन्नु चौक, व्यापार विहार, इंदिरा सेतु, कुदुदंड जैसे 19 से अधिक जगहों पर पेड़ों के डंगाल और पेड़ गिरने की घटनाएं हुई है। जिसे हटाने के लिए बिजली विभाग को नगर निगम की टीम का इंतजार करना पड़ा, इस लिए मरम्मत कार्य में जबरिया देरी होती रही।

### इन जगहों पर बरपा कहर

इंदिरा सेतु और कदुदंड इलाकों में एक साथ 3 पेड़ के डंगाल 33 केवी की लाइन पर गिर गए जिससे सप्लाई बंद रही, इस प्रकार अभिषेक विहार और मंगला फीडर बंद रहे और 18 घंटें के बाद ही शुरू किए गए। सकरी,कोनी, ईमलीभाठा में 20 घंटे से अधिक देर तक बिजली बंद रही। वहीं गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम में सीटी ब्रर्स्ट हो गया और मन्नू चौक के पास एलटी लाइन में पेड़ गिरने के चलते ब्रेक डाउन हो गया। बताया जा रहा है कि आसमानी बिजली के कारण बिजली विभाग को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। इस दौरान इंश्योलेटर और केबल जलने की शिकायत रही। वहीं रात 9 बजे तक 100 से अधिक शिकायतों का निराकरण बिजली विभाग नहीं कर पाई थी।

### गाज गिरने से बिगड़ी व्यवस्था

लाइटनिंग के कारण बिजली व्यवस्था बाधित हुई है, जिसे बनाने में फ्यूज कॉल, लाइन स्टाफ, एचटी विभाग और जोन के अधिकारियों के साथ ही 3 शिफ्ट के कर्मचारियों से काम कराया गया है। इसके बाद भी हमने 12 घंटे के भीतर मरम्मत कर आधे शहर को कव्हर कर लिया था।

**-पी आर साहू,** अधीक्षण यंत्री, विद्युत विभाग



पत्रकार कालोनी में स्वीच बाक्स में भरा पानी, हादसे की आशंका।

---

**सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी**



# आरटीओ के ड्राइवर, नगर सैनिक झोलाझाप डाक्टर सहित 5 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सिविल लाइन पुलिस ने महाराणा प्रताप चौक पर सार्वजनिक स्थान में कार खड़ी कर शराब पीने वाले आरटीओ विभाग के ड्राइवर, नगर सैनिक, झोलाझाप डाक्टर सहित 5 लोगों को पकड़ लिया है। गाड़ी चलाने वाले के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट व चार लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

गुरूवार की रात सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू बल के साथ शहर में पेट्रोलिंग पर निकले थे। इसी दौरान महाराणाप्रताप चौक पर 5 लोग गाड़ी खड़े कर खुलेआम शराब पी रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंची तब भी सभी नशे में धुत होकर शराब पी रहे थे। पूछताछ करने पर वे पुलिसकर्मियों के साथ बहसबाजी करते हुए हंगामा मचाने लगे। सीएसपी श्री परिहार ने कड़े शब्दो में फटकार लगाते हुए कार सहित पांचों को थाने लेकर गए और सभी का मुलाहिजा कराया गया। सभी नशे में धुत पाए गए। पुलिस ने गाड़ी चलाने वाले धर्मेन्द्र भवानी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं चार लोगों पर सार्वजनिक स्थान में शराब पीने पर आबकारी एक्ट की धारा 36 च के तहत कार्रवाई की गई है। टीआई श्री साहू ने बताया, पकड़े गए लोगों में पंकज खरे पिता बाबूलाल नगोई सरकण्डा शिक्षा विभाग, महेन्द्र भवानी पिता बंशीलाल सीपत झोला छाप डाक्टर, विश्वनाथ सोनी आरटीओ विभाग में ड्राइवर, देवराज धीवर पिता किशन धीवर सीपत सेठबाड़ा किराना व्यापारी, धर्मेन्द्र भवानी पिता स्व. प्राण भवानी सीपत निवासी है।

### शराब पीकर हंगामा मचाते 12 पकड़े गए

सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने हरेली पर्व की आड़ में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हंगामा मचाने वाले 12 लोगों को पकड़ लिया। उनके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 36 च के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं एक युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

---

# जंग खा रही लाखों की मशीन एयरपोर्ट पर काम अधूरा

**बिलासपुर।** बिलासा एयरपोर्ट में नेविगेशन के लिए लगाए जाने वाले डीवीओआर मशीन 4 माह बाद भी स्थापित नहीं हो सकी है। आधे-अधूरे निर्माण के कारण नाइट लैंडिंग सुविधा नहीं मिल रही है। हालत यह है कि पीडब्ल्यूडी के लेटलतीफी के कारण लाखों रूपए की मशीन को जंग रहा है।

समिति ने कहा कि 6 महीना के बाद भी एयरपोर्ट पर निर्माण महज मशीन का ढांचा स्थापित तक सीमित है। मानसून के पहले डीवीओआर व नाइट लैंडिंग जैसी सुविधा मिलने से मानसून सीजन में फ्लाइट कैंसिल जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता, वहीं निर्माण की गति को देखते हुए अभी चार माह का समय ओर लगा सकता है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बुनियादी सुविधाओं में कमी को लेकर हल्ला बोल किया, और कहा कि नई टर्मिनल बिल्डिंग की मंजूरी जल्द से जल्द मिलना चाहिए। मौजूदा टर्मिनल का पर्याप्त विस्तार किया जा चुका है, अधिकारी ठेकेदारो को उपकृत करते हुए करोड़ों का ठेका भी दे रहे हैं, लेकिन फिर भी दो विमान के यात्रियों के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। 2019-20 में मंजूर 6 करोड़ 70 लाख की टर्मिनल बिल्डिंग का कार्य तत्काल शुरू किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि बिल्डिंग का कार्य 70 करोड़ की लागत हो सकता है और बड़ी बिल्डिंग बनाने के प्रस्ताव अधिकारियों की कारगुजारियों के चलते रोका गया है।

- मानसून सीजन में कैंसिल हो रही फ्लाइट

---

# सूने मकान में चोरी, नाबालिग व खरीददार गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरी करने वाले नाबालिग व खरीददार सोनार को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी गई जेवर जब्त कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, दैहान गिट्टी निवासी कमलेश साहू पिता अशोक साहू 22 साल 12 जुलाई को घर के दरवाज में ताला लगाकर सरकण्डा चले गए थे। 13 जुलाई की रात घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त था और सोने चांदी के जेवर व 25 हजार रुपए नकद चोरी हो गए थे। पुलिस अपराध कायम कर चोरों के पतासाजी में जुटी हुई है। मुखबिर की सूचना पर टीआई किशोर केंवट ने क्षेत्र के नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने श्री साहू के मकान में चोरी करना स्वीकार कर चोरी के जेवर कीर्ति नगर निवासी अभिषेक सोनी के पास बेचना बताया। पुलिस ने सोनार को पकड़कर चोरी के जेवर बरामद कर लिया है। चोरी की रकम से खरीदी गई मोबाइल भी जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 17 नग मवेशी ले जाते माजदा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने 17 नग मवेशी बूचड़खाना ले जाते स्वराज माजदा को पकड़कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी को सूचना मिली, एक गाड़ी में मवेशी भरकर बूचड़खाना ले जाया जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ के झलमला के पास घेराबंदी कर स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 10 डब्ल्यू, 8939 को रोककर जांच की, इसमें 17 नग मवेशी मिले। तस्कर चिल्हाटी मोपका निवासी भारत यादव पिता रामफल यादव 22 साल, सुरेन्द्र यादव पिता परमेश्वर यादव 19 साल पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मवेशियों को गौशाला गतौरा में रखवाया गया है।

---

**परिजनों ने डॉक्टरों पर उपचार के दौरान लापरवाही का लगाया आरोप**

# गले में अटका चना, 2 साल के बच्चे की मौत

**कोरबा।** गले में अचानक चना अटकने से एक 2 साल के बच्चे की मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। जबकि डॉक्टरो ने इंटरनल ब्लीडिंग होने से मौत होना बताया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, छोटू कुमार 37 वर्ष मध्य प्रदेश के राजगढ़ ब्यावरा के निवासी हैं। वे शहर में पानी पुरी बेचने का काम करता है,उसका भाई भी यही काम करता है। गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे छोटू कुमार का बेटा दिव्यांश कुमार घर के आंगन में खेल रहा थाखेलते-खेलते वह कमरे में आ गया और वहां रखे चने को निगल गया। इसके बाद मासूम रोने लगा और उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। जिसके बाद उसके चाचा गोलू बंसल (27) उसे फौरन उपचार के लिए जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गया। उसका आरोप है कि जब भी वे डॉक्टर से बच्चे की स्थिति के बारे में पूछते, तो उन्हें कहा जाता था कि बड़े डॉक्टर आकर देखेंगे।उनका कहना है कि उपचार में देरी के कारण बच्चे की मौत हो गई। इस मामले में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरबंश ने बताया कि जब बच्चा अस्पताल पहुंचा, तभी से उसकी हालत गंभीर थी। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया। लेकिन चना गले से होकर फेफड़ों में जाकर फंस गया था।साथ ही इंटरनल ब्लीडिंग भी शुरू हो गया था। इसी कारण बच्चे की मौत हुई। उन्होंने इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही से इनकार किया है।.



### कोलकाता से काम करने आया युवक मकान मालिक की स्कूटी लेकर भागा

**बिलासपुर।** कोलकाता से काम करने आया एक युवक मकान मालिक की स्कूटी लेकर भाग गया है। पुलिस अमानत में खयानत का अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, नयापारा निवासी शेख मजहर ने नया मकान बनवाया है। उन्होंने दिसंबर 2024 में नए मकान में पुट्टी काम कराने के लिए कोलकाता से कारीगर बुलाया था। कारीगर उनके नए मकान में रहकर पुट्टी का काम कर रहे थे। उन्होंने कारीगरों के मुख्या हरपदा पंजा को आने जाने के लिए अपनी स्कूटी देकर रखे थे। काम खत्म होने पर वह पैसा और उनकी स्कूटी लेकर कारीगरों को लेकर कोलकाता भाग गया। उन्होंने मुख्या हरपदा से बातचीत की तो वह स्कूटी लौटा देने का आश्वासन देने लगा। मकान मालिक शेख मजहर उसे खोजते हुए कोलकाता गए तो उसके घर में स्कूटी खड़ी हुई थी, किन्तु हरपदा पंजा गायब था। उसके बाद भी वह स्कूटी लौटाने का आश्वासन दे रहा था। वर्तमान में उसने मोबाइल बंद कर लिया है।

### राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष ने जमनीपाली दीपका शाखा भवन परिसर का किया उद्घाटन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा अंतर्गत शाखा जमनीपाली के भवन परिसर का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान शाखा के ग्राहक, क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक उत्तम नवरंग, शाखा प्रबंधक संजय राठौर व समस्त स्टाफ मौजूद थे। इस दौरान अध्यक्ष द्वारा भवन परिसर का निरीक्षण कर ग्राहकों व मीडिया को संबोधित करते हुए बैंक एवं सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पैंशन योजना, महतारी वंदन योजना, पीएम सूर्यघर योजना एवं मुख्य बैंकिंग उत्पादों जैसे आवास ऋण, कार व गोल्ड लोन, डिजिटल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग क्यूआर कोड आदि के बारे में जानकारी दी। शाखा व बैंक हित में ग्राहकों से आवश्यक सुझाव साझा किए गए एवं ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया गया। अंत में उपस्थित समस्त ग्राहकों व सेवायुक्तों को नवीन शाखा भवन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। व्यवसाय वृद्धि एवं बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

## खबर संक्षेप



### किसानों ने औजारों की पूजा कर मनाई हरेली

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार लोक पर्व हरेली किसानों ने खेती किसानी कार्य में करने वाले औजारों जैसे, नांगर, हल, गैंती, फौडा, कुदरी, हंसिया, बेलचा, हथौड़ा जैसे अन्य औजारों की पूरे विधि-विधान चौक बनाकर कलश तैयार कर, भोभरा रोटी, बनाकर नारियल फोड़ कर हुमन कर अच्छी खेती की मंगलकामना करते हैं और घर पर खुरमी, ठेठरी छत्तीसगढ़ी व्यंजन भी बनाते हैं। सराई सिंगार निवासी किसान छत्रभान राठौर अपने परिजनों के साथ हरेली त्यौहार पर कृषि कार्य में उपयोग होने वाले औजारों का पूजा-अर्चना कर हरेली का त्योहार मनाया।

### पौधरोपण के लिए बिजली कर्मचारी महासंघ ने सीई से की मुलाकात

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ के 70वें वर्ष में प्रवेश करने पर पंच परिवर्तन कार्यक्रम के तहत संकल्प प्रकृति मां अभियान को लेकर छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ कोरबा ने मुख्य अभियंता डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह को पत्र सौंपा है। जिसमें आवासीय कॉलोनी में रिक्त पड़े स्थान को वृक्षारोपण के लिए अनुमति मांगी गई। संघ ने प्रबंधन को अवगत कराया कि इससे पर्यावरण संरक्षण होगा एवं अतिक्रमण से बचाव होगा। साथ ही संघ ने खाली अधूरे पड़े स्थान को आवासीय कॉलोनी में निवासरत अधिकारी एवं कर्मचारी के बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड बनाए जाने की मांग रखी। उक्त विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए मुख्य अभियंता संजीव कंसल ने आश्वस्त किया। प्रबंधन से अधीक्षण अभियंता डीडी राय तथा संघ से अध्यक्ष एसएस खूंटे, कार्यकारी अध्यक्ष जीपी राजवाड़े, उत्पादन इकाई के सचिव संदीप राठौर तथा कोरबा वृत्त के सचिव यशवन्त राठौर उपस्थित रहे।

### स्नेक अवेयरनेस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कोरबा।** विश्व सर्प दिवस के अवसर पर आत्मानंद स्कूल में स्नेक अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को साँपों के प्रति फैली भ्रांतियों से मुक्त कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उन्हें सही जानकारी देना था। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग और आरसीआरएस सोसायटी की संयुक्त पहल पर किया गया। कार्यक्रम में आरसीआरएस टीम के प्रमुख अविनाश यादव एवं टीम सदस्य महेश्वर ने बच्चों को साँपों के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान की। साँप पर्यावरण के लिए कितने ज़रूरी हैं, कौन-कौन से साँप ज़हरीले होते हैं और ज़्यादातर सांप इंसानों से डरते हैं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मन में साँपों को लेकर अनेक सवाल थे जैसे कि साँप कैसे सुनते हैं, अगर साँप काट ले तो क्या तुरंत मौत हो जाती है, साँप अपने फन क्यों फैलाते हैं, इन सभी सवालों का जवाब टीम ने बहुत ही सरल और वैज्ञानिक तरीके से दिया, जिससे बच्चों का डर दूर हुआ और उनमें नई समझ विकसित हुई। कार्यक्रम में ज़हरीले और बिना ज़हर वाले साँपों की पहचान, साँप दिखे तो क्या करें, क्या न करें, रेस्क्यू टीम को कब और कैसे बुलाएं, साँपों से जुड़े अंधविश्वासों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रजेंटेशन और इंटरएक्टिव सत्र के ज़रिए बच्चों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। स्कूल के शिक्षकों और प्रबंधन ने टीम अविनाश यादव, महेश्वर और वन विभाग का आभार व्यक्त किया और इस जागरूकता अभियान की सराहना की।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं का किया गया सम्मान

**कोरबा।** माई जी फाउंडेशन सोसायटी के तत्वावधान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के सम्मान समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय रहीं, जिन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को उनकी उत्कृष्ट सामाजिक और आर्थिक योगदान के लिए सम्मान पत्र भेंट कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माई जी फाउंडेशन सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती निधि तिवारी ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, कमलेश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी लकी नंद, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ.राजीव सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता मधु पांडे, छत्तीसगढ़ शक्ति स्वरूपा भारत विकास परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दानी और समाजसेवी नीतू अरोड़ा, जोयति वर्मा, अंजना सिह, ऋतु चौरसिया, अजय विश्वकर्मा, परवीन बेगम खान, राकेश राठौर उपस्थित रहे। इस अवसर पर इशिता कश्यप ने सुंदर कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी, जबकि पूजा दीवान ने पंडवानी की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नम्रता, पायल और कोमल साहू ने भी अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय ने अपने संबोधन में कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर

# हरेली पर्व के रंग में रंगे उद्योग मंत्री गेड़ी चढ़े, पारंपरिक खेलों में हुए शामिल



हरेली पर्व में पूजा अर्चना करते उद्योग मंत्री लखन देवांगन।



गेड़ी चढ़ते उद्योग मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, हरियाली अमावस्या को मनाया जाने वाला हरेली त्यौहार का प्रदेश के जनजीवन में व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। इस दिन किसान भाई नांगर (हल) एवं कृषि औजार की पूजा करते है, जो हमारे कृषि प्रधान संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो हरेली पर्व का महत्व धरती को हरा-भरा बनाये रखने के लिए पेड़-पौधे की महत्ता को भी प्रदर्शित करता है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने गुरुवार को दादरखुर्द भगवान जगन्नाथ मंदिर परिसर और बालको नगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित हरेली पर्व के दौरान कही। दादरखुर्द में मंत्री श्री देवांगन ने नांगर और क़ृषि कार्य में उपयोग होने वाले सामग्रियों की पूजा अर्चना की। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन हरेली पर्व के रंग में रंगे नज़र आए। श्री देवांगन गेड़ी चढ़े, पारंपरिक खेलों में सम्मिलित हुए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी भी उपस्थित रहे। श्री मोदी ने प्रदेश के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार के अवसर पर आम नागरिकों को अपनी बधाई दी। मंत्री श्री देवांगन ने सांस्कृतिक नृत्य, मटका फोड़, गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बच्चों को पुरुस्कृत कर उनका हौसला अफजाई किया। इस दौरान महापौर श्रींमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल तिवारी, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पार्षद सुनीता चौहान, प्रताप सिंह ज़न्दिगी लक्ष्मण श्रीवास, पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, प्रकाश अग्रवाल, हारबाई यादव, चंचला राठौर बालको मंडल के अध्यक्ष दिलेन्द्र यादव, शिव बालक तोमर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# हरेली किसानों व खेतीहर कामगारों का लोकपर्वः जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



हरेली उत्सव में गेड़ी चढ़ते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

हरेली का पर्व किसानों, खेतीहर, कामगरों का महान लोकपर्व है इस दिन किसान अपने कृषि उपकरणों का घर के आंगन में परंपरागत ढ़ंग से पूजा अर्चना करते है। चारों तरफ खेत-खलिहानों में मनमोहक और आंखो को सुकून देने वाले हरियाली तथा शीतल हवाएं से आनंद मिलता है। उक्त बातें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कही। श्री अग्रवाल ने हरेली के पावन पर्व पर हसदेव नदी के तट पर भवानी मंदिर के समीप निर्मित प्रदेश के एकमात्र छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर अंचल और प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। श्री अग्रवाल ने मंदिर परिसर में कृषि उपकरणों की विधिवत पूजा अर्चना किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि 21 वर्षों से मंदिर संचालन समिति के सदस्यगण इस परिसर में अपनी सेवाएं दे रहे है जो कि प्रशंसनीय है। विगत 21 वर्षों से मुझे भी यहां आकर छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त होते आ रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर के पास ही एक सुविधा जनक सामुदायिक भवन एवं शेड का निर्माण करवाया गया है जिससे विभिन्न कार्यक्रम के आयोजनों में लाभ मिलता है। संचालन समिति के अध्यक्ष मोहन प्रधान ने कहा कि समूचे छत्तीसगढ़ में कोरबा एकमात्र ऐसी जगह है जहां आज से बीस साल पहले जयसिंह अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर का निर्माण करवाया था। जहां प्रतिवर्ष हरेली पर्व का भव्य आयोजन किया जाता है। इस मंदिर परिसर में दूरस्थ अंचलों के भी श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम स्थल पर हर आयु वर्ग के लोगों के लिए नारियल फेक, गेडी दौड़ सहित अनेक पारंपरिक खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

### हरदीबाजार में मना हरेली पर्व



छत्तीसगढ़ का हरेली पर्व प्रथम त्यौहार है जिसे किसान, जवान और बच्चे सभी वर्गों के लोग उत्साह पूर्वक मनाते हैं। शिवम्, कान्हा, यशू, बेबी, दद्दू, प्रिंस छोटे बच्चों के द्वारा गेंड़ी बनाकर चढ़कर आनंद लिया, तो युवाओं ने नारियल फ़ेंक कर कौन कितना दूर तक फेंक सकता है जो जितना दूर फेंकगा वह विजेता होता है। वहीं घरों में भेलवा पेंड की टहनी घर के सामने खोंचते है,और घरो में खुरमी ठेठरी और भोभरा (गुड़ चावल) का पकवान बनाते हैं, घर, गांव के देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं और खुश शांति समृद्धि की कामना करते हैं।

### कन्नौजिया राठौर समाज ने मनाई हरेली तिहार

कन्नौजिया राठौर समाज के नवचेतना समिति ने हरेली तिहार का आयोजन सामुदायिक भवन दादर रोड, मैगजीन भांठा में किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, अध्यक्षता कन्नौजिया राठौर समाज कोरबा के अध्यक्ष सीताराम राठौर, विशिष्ट अतिथि नंदकिशोर साव, श्रीमती कनक राठौर, राजेश राठौर, उधोराम राठौर शामिल हुए। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने रस्साकशी, कंचा खेल व गिट्टी पिटठूल खेल मे शामिल होकर अपने सहज सरल व्यक्तित्व के अनुरुप खेल का भरपुर आनंद लिया एंव आज के समय मे भी अपने धरोहर पारंपरिक परंपरा को पुरे तन्मयता से आयोजन करने पर नवचेतना समिति की भूरी प्रशंसा की।



### चौहान समाज ने मनाया हरेली तिहार



वार्ड नं. 28, हेलीपैड मुड़ापार में छत्तीसगढ़ चौहान समाज द्वारा प्रमुख लोकपर्व हरेली तिहार के शुभ अवसर पर भव्य सांस्कृतिक एवं पारंपरिक खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की समृद्धसांस्कृतिक विरासत को सहेजना एवं नई पीढ़ी को पारंपरिक मूल्यों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे समाज के वरिष्ठ संरक्षक नवधालाल चौहान एवं करम लाल चौहान द्वारा संपन्न किया गया। इस शुभ आरंभ ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण नारियल फेंक प्रतियोगिता, गेड़ी दौड़, अन्य आंचलिक पारंपरिक खेल सभी प्रतियोगिताओं में समाज के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए। इसके उपरांत सभी सदस्यों के लिए स्वल्पाहार (नाश्ता) की भी व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने आनंदपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में संरक्षक नवधा लाल चौहान, पन्ना लाल चौहान, करम लाल चौहान, धरमपाल सिंह चौहान, जीवनलाल चौहान, रथलाल चौहान, दिनेश कुमार चौहान, शिव चौहान, राकेश चौहान, धनेश्वर चौहान, जोहान चौहान, विशाल चौहान सहित समाज के वरिष्ठ नगरिक उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित छात्र छात्राएं।

सीएसईबी जूनियर क्लब में ताइक्वांडो बालक 14,17,19 वर्ष, कराते बालक/ बालिका 14, 17 वर्ष , जूडो बालक / बालिका 14,17,19 वर्ष की प्रतियोगिता संपन्न हुई एवं विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 कोरबा के खेल मैदान में बास्केट बॉल बालक / बालिका 14 वर्ष तथा हॉकी बालक / बालिका 19 वर्ष के खेल आयोजन जिला शिक्षा कार्यालय कोरबा के क्रीड़ा प्रभारी के आर टंडन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता के संयोजक प्राचार्य डॉ सुरेश थे। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में के के गढ़वाल, देवेंद्र महतो, राजेश पांडे, रामनारायण डडसेना, अजय दुबे, आर एल, भारद्वाज,कौशल सोनवानी, मानस केशवानी, प्रियंका चौहान, कोरबा जिला कराते डू स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश बंजारे, एनआईएस कोच प्रेमराज बंजारे, देवाशीष कश्यप, अंतराष्ट्रीय कराते पदक विजेता स्नेहा बंजारे, व्यायामं शिक्षक अजीत शर्मा, प्रेरणा, साकेत शर्मा, विश्वधज, गगन मानिकपुरी, सागर मानिकपुरी, बेजल, समीर कंवर, गोविंद केवट, दिनेश राठिया, राहुल, नैतिक दास, गोपाल दास महंत, लीला राम, दीपांकर पांडे, अर्पित विश्वकर्मा, रामकिशन, अंकित प्रजापति, ओमप्रकाश तिवारी आदि का सहयोग सराहनीय था। उक्त आयोजन के सफलता पर एवं खिलाड़ियों को शुभकामना संदेश जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, सहायक जिला खेल अधिकारी राम कृपाल साहू में विजेता खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### स्वतंत्रता सह सद्भावना दौड़ 14 अगस्त को

**कोरबा।** 14 अगस्त को प्रातः 8 बजे सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस दौड़ में सभी नागरिक, छात्र-छात्राएं, अधिकारी कर्मचारी भाग ले सकते हैं। यह दौड़ घंटाघर चौक से प्रारंभ होकर निहारिका-सुभाष चौक बायां मुड़ते हुए विद्यृत गृह स्कूल -बुधवारी बाजार चौक जैन मंदिर से-महाराणा प्रताप चौक से होते हुए पुनः घंटाघर स्थित ओपन थियेटर में समाप्त होगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यालय में फहराये जाने वाले राष्ट्रध्वज की जांच पड़ताल कर लें।

### माध्यमिक शाला मुढाली में किया गया गणवेश का वितरण

**कोरबा।** शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत अध्यनरत स्कूली बच्चों को प्रतिवर्ष निःशुल्क गणवेश वितरण किया जाता है। इस वर्ष शासकीय स्कूलों में गणवेश के कपड़ा का रंग बदला गया है। नई ड्रेस पाकर बच्चों में काफी उत्साह है। कटघोरा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुढाली के सरपंच रामेश्वर सिंह मरकाम, उपसरपंच अजय राठौर, अमर गांधी राठौर, प्राचार्य टेकराम यादव के हाथों बच्चों को ड्रेस वितरण किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका श्रीमती सुनीता यादव, आनंदराम तांबेकर, रेवती रमण, बद्रिका राठौर का योगदान रहा।

# महाकाल सेना कनकेश्वर धाम में कराएगी विशाल भंडारा, उज्जैन से पहुंचेंगे अघोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मीडिया से चर्चा करते हुए महाकाल संघ के पदाधिकारी।

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय महाकाल सेना कोरबा के द्वारा कनकेश्वर धाम में 28 जुलाई को भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। साथ ही साथ मध्य प्रदेश उज्जैन के अघोरी जो कि छत्तीसगढ़ महाकाल सेवा की प्रदेश अध्यक्ष है उनका भी इस कार्यक्रम में आगमन होना है उनके द्वारा पूजा पाठ किया जाना है।

**खास बात**

- 28 जुलाई को कांवरियों के लिए की जा रही है भंडारा की विशेष व्यवस्था

राष्ट्रीय महाकाल सेना की स्थापना श्री श्री 1008 कुशाल भारती महाराज नागा साधु के द्वारा 2010 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य नर सेवा, नारायण सेवा, नारी सेवा, शक्ति की सेवा, अपने धर्म सनातन की प्रचार प्रसार, ओर राष्ट्रीय हिन्दू राष्ट्र की घोषणा करना है। अपने खुशाल भारती महाराज एक बहुत ही धनवान परिवार गंगापुर राजस्थान में जन्म लेने के बाद हर बच्चों में जैसे डॉक्टर इंजीनियर बनने की ललक होती हैं। इनकी इच्छा साधु बनने की थी। समाज से हटकर कुछ अलग करने की थी। इसी उद्देश्य के साथ इन्होंने अपने साधु परंपरा पक्कड़ जीवन की शुरुआत मुंबई से की। ओर सनातन की रक्षा के लिए अग्रसर हुए। अपने देश, धर्म, सनातन की हर बहन बेटी, माता, बुजुर्ग, नौजवान जो धर्म संकट में फंसे हुए हैं। जिनको कोई रास्ता नहीं मिल रहा है। उनको सही राह दिखाना। भारत के नौजवानों को नशा मुक्त करवाना, सही शिक्षा, संस्कार, अपनी धर्म ग्रंथ की पूरी जानकारी देना। इस दौरान विजय पांडेय, अरुण पांडेय, बृजेश यादव, हेमंत चौधरी, राकेश साहू, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास, अजय तिवारी, संदीप कश्यप, विकास साहू, रवि रंजन ठाकुर वरुण डहरिया, शिव राजपूत, राजू यादव सुनील ठाकुर, सूर्यमं श्रीवास संतोष साहू सुनील जोशी सहित अन्य उपस्थित थे।

# हाथी का झुण्ड विचरण कर रहा दरगा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोरबा वनमंडल में हाथी समस्या खत्म होने के बजाय और भी बढ़ता जा रहा है। कुदमुरा एवं कोरबा रेंज में 42 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं, जिनमें से 15 हाथी कुदमुरा सर्किल तथा 5 हाथी जिल्गा परिसर में सक्रिय हैं, जबकि एक लोनर हाथी कोरबा वन परिक्षेत्र के गेराव जंगल में पहुंच गया है। वहीं 21 हाथी परिक्षेत्र के ही दरगा क्षेत्र में सक्रिय है। हाथियों ने क्षेत्र में कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन देर सबेर हाथियों द्वारा उत्पात मचाये जाने की संभावना है। जिसे देखते हुए वन अमला सतर्क हो गया है। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र में हाथियों के मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# विश्राम गृह में भरा घुठने तक पानी, निकासी को लेकर नहीं बनी कोई व्यवस्था

**मालखरौदा।** लोक निर्माण विभाग के मालखरौदा विश्रामगृह परिसर में भारी जलभराव की समस्या बीते एक महीने से लगातार बनी हुई है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। परिसर में घुटनों के ऊपर तक पानी जमा है, जिससे न केवल अधिकारियों व कर्मचारियों को आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि जनप्रतिनिधियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना विश्राम गृह तक पहुंचाना पड़ रहा है। अनुविभागीय अधिकारी का प्रतिदिन आना-जाना होता है। इसके बावजूद जलभराव जैसी मूलभूत समस्या को लेकर विभागीय स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गई है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार शिकायतें करने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिल रहा है।


## पृष्ठ 1 का शेष

### कटघोरा बायपास मार्ग..

कि समय के साथ सड़क की स्थिति बद से बदतर होती चली गई। सड़क पर उभर आए गड्ढे न केवल यातायात को बाधित कर रहे हैं बल्कि यह कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से गुजरते समय दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को सबसे अधिक परेशानी होती है। वाहन गड्ढों में फंसते हैं, फिसलते हैं और कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग की ओर से इस दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप



### करतला से 33 यात्रियों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना

**मड़वारानी।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत तीर्थ यात्रियों को अयोध्या स्थित के रामलला के दर्शन कराए जा रहे हैं। इस तीर्थ यात्रा का लाभ लेने के लिए जनपद पंचायत करतला के 33 तीर्थ यात्री बुधवार सुबह रवाना हुआ। जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा द्वारा तीर्थ यात्रियों को फल देकर यात्रियों का जत्था रवाना किया। अयोध्या जा रहे तीर्थयात्री ने कहा, हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि अयोध्याधाम में भगवान राम के दर्शन करने का मौका मिलेगा। प्रदेश सरकार की इस योजना के लिए सरकार को धन्यवाद देते है तथा तीर्थ यात्रियों की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### शासकीय प्राथमिक शाला झाबर में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**गेवरा दीपका।** ग्राम पंचायत झाबर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीपका मंडल के उपाध्यक्ष मुकेश जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता काजल सारथी एवं वहीं विशिष्ट अतिथि जन्मेजय कंवर मंचस्थ थे। मुख्य अतिथि मुकेश जायसवाल ने विद्यार्थियों को गणवेश वितरण करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं, और शिक्षा उनके जीवन की दिशा निर्धारित करती है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर गणवेश प्राप्त कर खुशी साफ झलक रही थी। शाला प्रवेश उत्सव को सफल बनाने में प्रधान पाठक श्रीमती जानकी साहू, सहायक शिक्षक ऋषि राजवाड़े का योगदान रहा।

### डीएमएफ से मिले कार्यों का टेंडर समय पर करें पूरा : कलेक्टर

**कोरबा।** कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने टीएल के विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि डीएमएफ अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों का टेण्डर निर्माण एजेंसी समय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सितंबर माह से प्रस्तावित कार्यों को प्रारंभ करने के दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुराने छात्रावासों में जहाँ अधीक्षक आवास नहीं बने हैं, उन छात्रावासों की सूची उपलब्ध कराने के साथ ही आवास हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने आयुष्मान और व्यवन्दन कार्ड के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो हितग्राही आयुष्मान और व्यवन्दन कार्ड से वंचित है उन्हें लाभान्वित करने के लिए जनपद सीईओ के सहयोग से संबंधित क्षेत्र में शिविर लगाकर उनका कार्ड बनाया जाए। कलेक्टर ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में वंचित हितग्राहियों का अनिवार्य रूप से आयुष्मान और व्यवन्दन कार्ड बनाने के निर्देश नगर निगम, एसडीएम, जनपद को दिए। कलेक्टर ने योजना बनाकर शिविर लगाने और वंचित होने पर संबंधित के विषय में पर्याप्त कारण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार अपडेशन में सहयोग नहीं करने वाले ऑपरेटरों की आइडी ब्लॉक करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्कूल एवं आंगनबाड़ी में संचालित रसोई में गैस का उपयोग करने और समय पर रिफलिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर संबंधित क्षेत्र में निरीक्षण करें और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

#### दूसरे ट्रांसफार्मर के माध्यम से अल्टरनेट की जा रही है विद्युत आपूर्ति

# पावर ट्रांसफार्मर पर गिरी आकाशीय बिजली, बांकीमोगरा क्षेत्र हुआ ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा स्थित सब स्टेशन में आकाशीय बिजली सीधे पावर ट्रांसफार्मर पर आ गिरी। जिसकी वजह से बांकीमोंगरा क्षेत्र में ब्लेकआउट हो गया। दूसरे ट्रांसफार्मर से क्षेत्र को अल्टरनेट विद्युत आपूर्ति हो सके इसके लिए एक ही ट्रांसफार्मर से दो-दो घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। हालांकि पावर ट्रांसफार्मर को बदलने की कवायद शुरू कर दी गई है। संभावना जताई जा रही है कि देर रात तक पावर ट्रांसफार्मर को बदलकर विद्युत आपूर्ति को पुनः बहाल कर दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले बांकीमोंगरा स्थित सब स्टेशन में बुधवार की देर शाम तेज आंधी बारिश शुरू हुई और आकाशीय बिजली से सब स्टेशन में लगे पावर ट्रांसफार्मर पर आ गिरी। पावर ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिरते ही क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति निर्मित हो गई। गुरुवार को विद्युत वितरण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम पहुंची। जहां एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर को टेस्टिंग की गई इस दौरान पाया गया कि पावर ट्रांसफर फेल हो गया है जिसके बाद सब स्टेशन में लगे दूसरे 3.5 एमवीए के पावर ट्रांसफॉमर से क्षेत्र में लोगों को हर-दो घंटे में पावर कट कर एक-एक क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। बताया जाता है कि 5 एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर को बदलने की कवायद शुरू कर दी गई है। विद्युत वितरण विभाग के डीई रोशन लाल वर्मा ने बताया कि मौसम ने यदि साथ दिया तो निश्चित तौर पर गुरुवार की देर रात तक पावर ट्रांसफार्मर को बदलने की कवायद पूरी कर ली जाएगी और विद्युत व्यवस्था को बहाल कर दिया जाएगा। हालांकि अभी दूसरे ट्रांसफार्मर 3.5 एमवीए के ट्रांसफार्मर से अल्टरनेट बिजली आपूर्ति की जा रही है।



पॉवर ट्रांसफार्मर को क्रेन के माध्यम से निकालते विद्युत कर्मी।

**शहर में भी लगातार बिजली की आंखमिचौली**

बारिश व लगातार बारिश की वजह से शहर के पाड़ीमार व तुलसी नगर जोन में भी पिछले दो-तीन दिन से बिजली की आंखमिचौली बदस्तूर जारी है। गुरुवार को भी शहर के अलग-अलग क्षेत्र में बिजली बार-बार आती रही। बिजली की आंख मिचोली से लोग हलाकान है। हालांकि लगातार मौसम की वजह से विद्युत वितरण विभाग को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर आकाशीय बिजली सबसे ज्यादा विभाग को परेशान कर रही है। जगह-जगह इंसुलेटर पंचर हो रहे हैं तो तार भी टूट रहे हैं। जिसकी वजह से ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।

## ब्लॉस्टिंग से क्षतिग्रस्त मकान व बोर की क्षतिपूर्ति नहीं मिली तो खदान बंद



प्रभावित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भूविस्थापित ग्राम विकास समिति हरदी बाजार ने चेतावनी दी है कि हैवी ब्लास्टिंग से हुए बोर, मकान की क्षतिपूर्ति राशि नहीं दिया तो खदान बंद आंदोलन किया जाएगा। ग्राम हरदीबाजार के प्रभावित परिवार जो वर्ष 2023 से जुलाई तक एसईसीएल दीपका क्षेत्र के द्वारा हैवी ब्लास्टिंग से हुए नुकसान बोर, मकान क्षतिग्रस्त हुआ है, उसका आवेदन एसईसीएल दीपका कार्यालय में दिया गया हैं। जिस पर एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा जांच कमेटी बनाकर जांच की सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गईं थीं। वो भी दो से तीन बार फिर भी जो क्षति एसईसीएल के ब्लास्टिंग से हुई हैं। उसका भुगतान अब तक नहीं दिया गया है। इस संबंध में एसईसीएल प्रबंधन से सम्पर्क करने पर गोलमोल जवाब के अलावा कुछ नहीं दिया जा रहा हैं। ग्राम विकास समिति के सुरेन्द्र राठौर, प्रमोद जयसवाल, अरुण राठौर, तुलेश्वर राठौर, तेजप्रकाश ने एसईसीएल दीपका प्रबंधन को तीन दिन का समय दिया है। साथ ही खदान बंदी आंदोलन को लेकर एसईसीएल प्रबंधन तहसील कार्यालय व थाने में सूचना दी गई है।

**खास बात**

- एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम हरदीबाजार का मामला

# चार ट्रेलर वाहन में क्षमता से अधिक किया जा रहा था कोयले का परिवहन, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की कुसमुंडा खदान से क्षमता से अधिक कोयला परिवहन किया जा रहा था। जब एसईसीएल रोड सेल के अफसरों ने वाहनों की जांच की तो क्षमता से लगभग 84 टन अधिक कोयला पाया गया, जिस पर एसईसीएल के सुरक्षा अधिकारी ने इस मामले के लिखित शिकायत कुसमुंडा पुलिस से की है। जिस पर पुलिस ने ट्रेलर चालकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीकृत कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कुसमुंडा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कुसमुंडा खदान से कोयला परिवहन का काम श्री खाटू श्याम नमक फॉर्म द्वारा की जाती है, जिसका संचालन सप्तम उर्फ गुड्डास गोयल द्वारा किया जाता है। बताया जाता है कि उक्त फॉर्म की ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीटी 3453, सीजी 10 3353, सीजी 10 2553, सीजी 10 2153 की चार वाहन कुसमुंडा खदान से कोयला लोड कर बाहर निकल रही थी। इसी बीच एसईसीएल के रोड सेल के अफसर ने उक्त चारों ट्रेलर वाहनों की औचक निरीक्षण किया और जांच पड़ताल की, तो पाया कि चारों ट्रेलर वाहन में क्षमता से लगभग 84.67 टन कोयला अधिक पाया गया। इस मामले की लिखित शिकायत एसईसीएल के सुरक्षा प्रभारी संतोष कुमार दुबे ने कुसमुंडा पुलिस से की है, जिस पर कुसमुंडा पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 303 (2), (3), (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- एसईसीएल के रोड सेल के अफसरों ने किया था औचक जांच, 84 टन अधिक पाया गया था कोयला
- श्री खाटू श्याम नामक फर्म की चारों ट्रेलर में था क्षमता से अधिक कोयला



पुलिस द्वारा जप्त की गई ट्रेलर वाहन।

# कांग्रेस ब्लॉक प्रभारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस के जिला प्रभारी डॉ.प्रेमसाय टेकाम ने शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण एवं ब्लॉक प्रभारियों सहित जिला कांग्रेसजनों की बैठक लेकर ब्लॉक प्रभारियों को मार्गदर्शन दिया। डॉ.प्रेमसाय टेकाम ने जिले के सभी 15 ब्लॉक प्रभारियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा है कि यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसे आपको अपने प्रभार ब्लॉक क्षेत्र में पूरा करना है। आवश्यकतानुसार मंडल कमेटी, सेक्टर कमेटी अथवा जोन कमेटी का गठन कर जिला कांग्रेस कमेटी को अनुमोदन के लिए प्रेषित करें तत्पश्चात बूथ कमेटी का गठन करें, जिसमें उसी बूथ के कांग्रेसजनों को जिम्मेदारी दें।

बैठक को सर्वप्रथम नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की योजना पर हम सबको कार्य करना होगा, जो कांग्रेस के भविष्य की बुनियाद को दर्शाएगा। इससे पार्टी में नई ऊर्जा व जोशीला नेतृत्व सामने आएगा। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कमेटियों के पुर्नगठन और नवीन नियुक्तियों में लंबे समय से तथा बेहतर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को बेहतर पद के साथ जिम्मेदारी दें, उन्होंने ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यह निर्णय लिया है कि पूरे प्रदेश में ब्लॉक, मंडल, जोन व बूथ कमेटी एक ही फार्मूले के तहत गठन किया जावेगा। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी तरह होते हैं। किसी भी चुनाव में ऐसे कार्यकर्ताओं के कारण हमें जीत हासिल होती है। जिले में कांग्रेस संगठन ने 15 ब्लॉक बनाए हैं। जिसमें शहर में 5 और ग्रामीण क्षेत्र के तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 10 ब्लॉक का गठन किया है। इन सभी ब्लॉक में आवश्यकता अनुसार मंडल, सेक्टर अथवा जोन कमेटी का गठन करने के लिए इन सभी ब्लॉकों में ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। जो ब्लॉक अध्यक्षों से संपर्क कर आवश्यकतानुसार मंडल, सेक्टर अथवा जोन कांग्रेस कमेटी के गठन के लिए जिला कांग्रेस कमेटी को अनुमोदन के लिए भेजेगें। जिले के चारों विधानसभा के लगभग 11 सौ बूथों में बूथ कमेटी का गठन किया जाना है। इन कमेटियों में एक अध्यक्ष, तीन उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, तीन सचिव, तीन सहसचिव, एक मीडिया समन्वयक तथा 9 कार्यकारिणी सदस्य न्युक्ति किये जाएंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि वे स्वयं जिले के प्रभारी डॉ.प्रेमसाय टेकाम के साथ मंडल, जोन, वार्ड व बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया और नियुक्तियों की मानिटरिंग करेंगे। बैठक को विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, मोहित केरकेट्टा, श्यामलाल कंवर, पूर्व महापौर राजकिशार प्रसाद, जिला अध्यक्ष मनोज चौहान, नत्थुलाल यादव, पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल, सपना चौहान, हरीश परसाई, ने भी संबोधित किया।



बैठक लेते जिला प्रभारी।

# निगम आयुक्त अधिकारियों की टीम के साथ उतरे सड़क पर, कार्रवाई के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने घंटाघर चौक से होते हुए महाराणा प्रताप चौक, टीपी नगर चौक, नया बस स्टैण्ड, लालूराम कालोनी, सुनालिया चौक, डीडी एम रोड के पास लायंस गार्डन तक के मुख्य मार्ग का भ्रमण कर अव्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई कार्य, अवैध अस्थाई दखल, सी एण्ड डी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री डम्पिंग, अतिक्रमण व गदंगी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही, चेतावनी एवं अर्थदण्ड किये जाने आदि के निर्देश अधिकारियों को देते हुये व्यवस्थाओं में सुधार करने का अल्टीमेटम दिया।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों, स्वच्छता कार्य एजेंसियों व अव्यवस्था फैलाने वालों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि प्रतिदिन अधिकारी कर्मचारी सुबह-सुबह शहर का भ्रमण करें, अव्यवस्थाओं का जायजा लें तथा उनमें तत्काल सुधार लाने की जमीनी कार्यवाही सुनिश्चित करायें। इसी कड़ी में आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ घंटाघर चौक से महाराणा प्रताप चौक, महाराणा प्रताप चौक से होते हुए गुरू घासीदास चौक तक के मुख्य मार्ग का भ्रमण कर हुये साफ-सफाई कार्यों व शहर की व्यवस्थाओं से जुड़े विभिन्न पहलूओं का सघन रूप से जायजा लिया। उन्होंने घंटाघर चौक स्थित मिनीमाता कालेज के समीप रेलिंग स्थित नालियों के पीछे काफी मात्रा में उत्सर्जित कचरे के ढेर को देखकर वहां पर स्थित अस्थाई दुकानदारों से कहा कि यदि वे यहाँ पर कचरे फैलाते पाये गये तो उनके विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। इसी कड़ी में महाराणा प्रताप चौक के पास सर्कस मैदान व बाईपास रोड के विभिन्न स्थानों का अधिकारियों के साथ साफ-सफाई कार्यों का निरीक्षण करते हुवे पाया गया कि गुरू घासीदास चौक स्थित चाय नाश्ता की दुकानों के सामने डस्टबिन नहीं रखने पर जुर्माने की कार्यवाही अधिरोपित की गई तथा इन दुकान संचालकों को कड़ी हिदायत दिया गया कि वे अपने प्रतिष्ठानों, दुकानों में डस्टबिन अवश्य रखें एवं आने वाले ग्राहकों से कहा कि वे डिस्पोजल आदि सामग्रियों को डस्टबिन में ही डालें। चिमनीभट्ठा व सुनालिया चौक स्थित मुख्य मार्ग के किनारे चाय नाश्ता, आटो पार्ट्स, गैरेज आदि के दुकानों से निकले हुए कचरे को इधर-उधर फेंक दिया जाता है। जिसे गंभीरता से लेते हुए निगम आयुक्त ने दुकानादारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने प्रतिष्ठानों, दुकानों से निकले हुए उत्सर्जित कचरे को संग्रहित कर रिक्शे में दें।

### अधिक ब्याज का लालच देकर एक करोड़ की ठगी, एक गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। अधिक ब्याज का लालच देकर 1 करोड़ 15 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नकुल साहू उम्र 51 वर्ष डीडी प्लाजा जांजगीर निवासी और उसके अन्य साथी के द्वारा लोगों को कम समय में अधिक ब्याज देने का लालच देकर लोगों से किस्त-किस्त में नगद एवं आरटीजीएस के माध्यम से कुल 1 करोड़ 15 लाख रुपए ले लिया है। जमा किये पैसा को वापस मांगने पर आनाकानी कर रहा है।

### 30 जुलाई को खदान बंदी की हो रही है तैयारी

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के मानिकपुर खदान एक बार फिर मजदूरों के असंतोष का केंद्र बन गई है। खदान में कार्यरत कलिंगा कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दो माह पूर्व कार्य से निकाले गए लगभग 80 ठेका कर्मचारियों ने एसईसीएल प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि 30 जुलाई तक सभी मजदूरों की बहाली नहीं हुई तो खदान का संचालन पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा। आरोप है कि खदान में स्थानीय भू-विस्थापितों को रोजगार देने के बजाय बाहरी मजदूरों को काम पर रखा जा रहा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

#### नमामि हसदेव सेवा समिति की प्रेसवार्ता

# हसदेव दर्री बराज से कुदुरमाल तक रिवर फ्रंट बनवाने होगा प्रयास : श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिये नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा प्रत्येक मास की पूर्णिमा को सायं 5 बजे माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर हसदेव आरती की जाती है।

नमामि हसदेव सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रकिशोर श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय ने तिलक भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने और तट के सौंदर्यीकरण के लिये दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक हसदेव नदी के दोनों किनारों पर रिवर फ्रंट का निर्माण करना आज समय की सबसे आवश्यक मांग है। हसदेव नदी का यह क्षेत्र आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, परंतु वर्तमान में यह क्षेत्र असुरक्षित, अव्यवस्थित, और प्रदूषणग्रस्त हो गया है। शासन-प्रशासन की सक्रिय भागीदारी से इसे विश्वस्तरीय रिवर फ्रंट में बदला जा सकता है। हसदेव नदी का यह रिवर फ्रंट, न केवल कोरबा की भौगोलिक और धार्मिक गरिमा को बढ़ाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक धरोहर भी स्थापित करेगा। समिति इस पवित्र कार्य के लिए जन-जागरण, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण तथा जन संवाद आदि में शासन-प्रशासन के हर प्रयास में सहयोगी बनने के लिए तैयार है। समिति द्वारा हसदेव नदी के दोनों किनारों पर दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक रिवर फ्रंट निर्माण करवाने हेतु शासन प्रशासन को पत्र दिया जाएगा तथा जनजागरण के लिए दो चरणों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा एवं संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा।



मीडिया से मुखातिब होते नमामि हसदेव सेवा समिति के सदस्य।

**विभिन्न चरणों में चलेगा अभियान**

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा हस्ताक्षर अभियान के तहत प्रथम चरण 9 अगस्त से 7 अक्टूबर तक हस्ताक्षर अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं आध्यात्मिक संगठनों, धार्मिक संगठनों, सामाजिक संगठनों, व्यावसायी संगठनो, कर्मचारी संगठनों आदि के प्रमुख कार्यकर्ताओं तथा अन्य गणमान्य नागरिकों से पवित्र कार्य के समर्थन में हस्ताक्षर कराया जाएगा। इसी तरह 7 अक्टूबर को हसदेव नदी की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने एवं हसदेव नदी के दोनों किनारों पर दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक रिवर फ्रंट निर्माण करवाने हेतु तन, मन और धन से सहभागी होने का संकल्प लेंगे तथा हस्ताक्षर अभियान द्वितीय चरण 5 नवम्बर से 4 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411